बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

कार्यालय आदेश

का०आ०सं०–10प / विविध–14–15 / 2025 / 265 / पं०रा०   पटना, दिनांक 29 / 5 / 2026

श्री रमेश कुमार दिवाकर, तत्कालीन प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, फुलवारीशरीफ, पटना सम्प्रति हायाघाट, दरभंगा के विरूद्ध श्रीमती ज्योति कुमारी, प्रखंड प्रमुख, फुलवारीशरीफ, पटना द्वारा 15वीं योजना मद की राशि के भुगतान हेतु प्रखंड प्रमुख के डोंगल (डिजिटल भुगतान) में वर्ष–2021 से 20.07.2025 तक उनके मोबाईल नं0 के स्थान पर अपना मोबाईल नं0 निबंधित कराते हुए वित्तीय अनियमितता करने का आरोप लगाया गया।

2. विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–620–सह–पठित–ज्ञापांक–10428 दिनांक–19.08.2025 के द्वारा प्रखंड प्रमुख द्वारा लगाये गये आरोपों की जाँच हेतु विभाग स्तर पर गठित टीम द्वारा मामले की जाँच कर जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया, जिसमें प्रखंड प्रमुख द्वारा श्री दिवाकर के विरूद्ध लगाये गये आरोप को प्रथम द्रष्टया प्रमाणित पाया गया।

3. उक्त के आलोक में श्री रमेश कुमार दिवाकर, तत्कालीन प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, फुलवारीशरीफ, पटना सम्प्रति हायाघाट, दरभंगा को अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही के कारण बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9 (1) में निहित प्रावधानों के आलोक में तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला पंचायत राज पदाधिकारी का कार्यालय, सारण (छपरा) निर्धारित किया गया है।

4. विभागीय पत्रांक–625 दिनांक–15.01.2026 द्वारा श्री रमेश कुमार दिवाकर से बचाव का लिखित अभिकथन की मांग की गयी। जिसके आलोक में श्री दिवाकर द्वारा दिनांक–18.02.2026 को बचाव का लिखित अभिकथन समर्पित किया गया है।

5. तदालोक में सम्यक विचारोपरांत श्री रमेश कुमार दिवाकर, तत्कालीन प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, फुलवारीशरीफ, पटना सम्प्रति हायाघाट, दरभंगा को निलंबन मुक्त करते हुए निदेशित किया जाता है कि पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना (मुख्यालय) में योगदान देना सुनिश्चित करेगें।

प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(ललित राही)
विशेष कार्य पदाधिकारी

कृ0पृ0उ0....

ज्ञापांकः—10प / विविध—14—15 / 2025 / 8339 / पं०रा० पटना, दिनांक—29 / 5 / 2026
प्रतिलिपिः— जिला पदाधिकारी, दरभंगा एवं पटना / जिला कोषागार पदाधिकारी, दरभंगा / जिला पंचायत राज पदाधिकारी, दरभंगा एवं पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ललित राही)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांकः—10प / विविध—14—15 / 2025 / 8339 / पं०रा० पटना, दिनांक—29 / 5 / 2026
प्रतिलिपिः— जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ललित राही)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांकः—10प / विविध—14—15 / 2025 / 8339 / पं०रा० पटना, दिनांक—29 / 5 / 2026
प्रतिलिपिः— श्री रमेश कुमार दिवाकर, तत्कालीन प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, फुलवारीशरीफ, पटना सम्प्रति हायाघाट, दरभंगा को सूचनार्थ प्रेषित।

(ललित राही)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांकः—10प / विविध—14—15 / 2025 / 8339 / पं०रा० पटना, दिनांक—29 / 5 / 2026
प्रतिलिपिः— सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव / आई0टी0 मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ललित राही)
विशेष कार्य पदाधिकारी

D:\sec12\Deepak Sir\office order.docx10